जुड़ गया श्याम बाबा से नाता मेरा,

दोहा सब हारो का एक सहारा,
द्वारा खाटू श्याम का,
उसकी नैय्या पार लगी,
जिसने सजदा किया तेरे नाम का।

जुड़ गया श्याम बाबा से नाता मेरा,
अब परिवार बाबा चलाता मेरा,
अब कमी ना रही जिंदगी में कोई,
साथ हर पल कन्हैया निभाता मेरा,
जुड़ गया श्याम बाबा से नाता मेंरा।।

तर्ज मेरे रश्के कमर।

मौज में कट रहा जिंदगी का सफर,
जब से मुझ पर पड़ी सांवरे की नजर,
सच्चा रिश्ता है बाबा हमारा तेरा,
अब परिवार बाबा चलाता मेरा,
जुड़ गया श्याम बाबा से नाता मेंरा,
अब परिवार बाबा चलाता मेरा।।

मुझको क्या डर तूफा का जो तू साथ है,
मेरी नैया मेरे श्याम के हाथ है,

मेरी नैया मेरे बाबा के हाथ है,
डूब जाते ना होता सहारा तेरा,
अब परिवार बाबा चलाता मेरा,
जुड़ गया श्याम बाबा से नाता मेंरा,
अब परिवार बाबा चलाता मेरा।।

जब से तेरा सहारा मिला सांवरे,
फूल जैसा ये जीवन खिला सांवरे,
तेरे बिन कैसे चलता गुजारा मेरा,
अब परिवार बाबा चलाता मेरा,
जुड़ गया श्याम बाबा से नाता मेंरा,
अब परिवार बाबा चलाता मेरा।।

कुक्की की जिंदगी अब तेरे नाम है,
मेरी हर सांस में श्याम ही श्याम है,
श्याम जो ना मुक्कदर बनाता मेरा,
अब परिवार बाबा चलाता मेरा,
जुड़ गया श्याम बाबा से नाता मेंरा,
अब परिवार बाबा चलाता मेरा।।

जुड़ गया श्याम बाबा से नाता मेरा,
अब परिवार बाबा चलाता मेरा,
अब कमी ना रही जिंदगी में कोई,
साथ हर पल कन्हैया निभाता मेरा,
जुड़ गया श्याम बाबा से नाता मेंरा।।

स्वर कुक्की अरोड़ा।

Source: https://www.bharattemples.com/jud-gaya-shyam-baba-se-nata-mera/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw